ऑफिस : (011)-22515828
फैक्स : (011)-22057089

डॉ. संयम भारद्वाज
DR. SANYAM BHARDWAJ
परीक्षा नियंत्रक
Controller of Examinations

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
शिक्षा केंद्र, 2, सामुदायिक केंद्र,
Shiksha Kendra, 2, Community Centre,
प्रीत विहार, दिल्ली-110092
Preet Vihar, Delhi-110092

प्रेस नोट

कक्षा XII परीक्षा परिणाम प्राप्त करने हेतु सुविधाएं

2 मई, 2019

सीबीएसई 2 मई,2019 को 12.30 बजे सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा (**कक्षा 12वीं**) 2019 के परिणाम घोषित करेगा। सीबीएसई ने सभी **दस क्षेत्रों** के अंतर्गत विद्यालयों के परिणाम 28 दिनों के रिकॉर्ड समय में घोषित किए हैं।

1. नेट पर परिणाम

पिछले वर्षों की भांति, इस वर्ष भी सीबीएसई राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी), सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के तकनीकी सहयोग से नेट पर अपने परिणाम उपलब्ध करा रहा है। विद्यार्थी निम्नलिखित वेबसाइटों के माध्यम से अपने परिणाम प्राप्त कर सकते हैं;

www.results.nic.in
www.cbseresults.nic.in
www.cbse.nic.in

विद्यालय अपने स्कूल के पूरे परिणाम बोर्ड के साथ पंजीकृत ईमेल आईडी पर स्वत: प्राप्त करेंगे।

2. सीबीएसई की डिजिटल और मोबाइल सुविधाएं

- वर्ष 2016 में प्राम्भ, इस वर्ष भी सीबीएसई कक्षा XII के डिजिटल शैक्षणिक दस्तावेज (अंक-तालिका, माइग्रेशन सर्टिफिकेट और उत्तीर्णता सर्टिफिकेट) अपने शैक्षणिक भंडार 'परिणाम मंजूषा' के माध्यम से प्रदान करेगा, जिसे https://digilocker.gov.in पर DigiLocker के साथ एकीकृत किया गया है।
- डिजीलॉकर खाते के प्रत्यायक (क्रेडेंशियल) विद्यार्थियों को उनके सीबीएसई के साथ पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से भेजें जाएंगे।
- विद्यार्थी अपने परिणामों को UMANG मोबाइल प्लेटफॉर्म पर भी देख सकते हैं जो Android, IOS और विंडोज आधारित स्मार्ट फोन के लिए उपलब्ध है।
- सीबीएसई कक्षा 12वीं के परिणाम एंड्रॉइड मोबाइल ऐप "DigiResults" के माध्यम से भी उपलब्ध होंगे।

3. परिणाम आईवीआरएस (इंटरएक्टिव वॉइस प्रणाली)

एनआईसी के टेलीफोन नंबर निम्नलिखित हैं जिनके माध्यम से परिणाम IVRS के माध्यम से प्राप्त किए जा सकते हैं:-

राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र:

दूरभाष संख्या	आवृत क्षेत्र
24300699	- दिल्ली में स्थानीय अभिकर्ताओं के लिए
011 – 24300699	- देश में अन्य हिस्सों में अभिकर्ताओं के लिए

4. परिणाम Google खोज इंजन www.google.co.in के माध्यम से भी प्राप्त किए जा सकते हैं।

5. परिणाम एसएमएस आयोजक ऐप के माध्यम से भी प्राप्त किए जा सकते हैं जिसे प्ले स्टोर https://aka.ms/sms से डाउनलोड किया जा सकता है।

6. दिल्ली क्षेत्र के अंतर्गत स्कूल

दिल्ली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले स्कूलों को सलाह दी जाती है कि वे परिणाम की घोषणा के बाद संबंधित आंचलिक कार्यालय के शिक्षा उप निदेशक से समय की पुष्टि करके परिणाम एकत्र करें।

परीक्षा परिणाम बोर्ड में उपलब्ध नहीं होंगे और जनसामान्य को सलाह दी जाती है कि वे परिणाम संग्रहित करने के लिए बोर्ड कार्यालय का दौरा न करें।

सत्यापन की प्रक्रिया शीघ्र ही सीबीएसई की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी।

परीक्षा नियंत्रक